प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
04.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी दो सौ से बढ़ा कर तीन सौ रूपए प्रति सिलेंडर करने को दी मंजूरी।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विद्यार्थियों से अपनी आकांक्षाओं व लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का किया आह्वान।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर राहत पैकेज को लेकर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का लगाया आरोप।

और

- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय प्रथम महिला फुटबॉप प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।

अनुराग ठाकुर

केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने हल्दी और इससे बने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को भी मंजूरी दे दी है। यह बोर्ड हल्दी से जुड़े मुद्दों और मसालों के बोर्ड व अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करेगा। इस बीच एक सोशल मीडिया पोस्ट में अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं के लिए 2 सौ की बजाय तीन सौ रूपए की सब्सिडी देने का स्वागत योग्य निर्णय लेकर देश की करोड़ों माताओं-बहनों को बड़ी सौगात दी है। आगामी त्योहारों से पहले मातृशक्ति के हित में लिए गये इस निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिले के द लॉरेंस स्कूल, सनावर के एक सौ 76वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों को जीवन में बेहतर इंसान बनने की ओर ध्यान देना चाहिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सिद्धांतों पर अटूट विश्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हमारे जीवन में ईमानदारी व नैतिक मूल्य एक मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम करने व चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने

विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच और अनुशासन जैसे गुणों का विकास करने में स्कूल के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना भी की। इससे पहले, उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शिक्षक संवर्द्धन केंद्र का लोकार्पण और नवाचार प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक विनोद सुल्तानपुरी व भुवनेश्वर गौड़, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में हिमाचल प्रदेश एसएमसी टीचर्ज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि एसएमसी शिक्षकों के हितों के लिए प्रदेश सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी का गठन भी किया है। यह कमेटी शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों का उचित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि खड्डों व नालों के चैनलाईजेशन के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे ताकि बरसात के कारण होने वाले नुक्सान को कम किया जा सके। वे आज धर्मशाला में कांगड़ा जिला में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रभावितों की सहायता के लिए 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये का आपदा राहत पैकेज घोषित किया है। शांडिल ने कहा कि अब विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत आपदा प्रभावित परिवारों को घरों के लिए रिटेंनिंग वॉल व नालों के तटीकरण का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त निपुण जिंदल ने बताया कि जिले में प्रभावितों को अब तक कुल 5 करोड़ 93 लाख 7 हजार 8 सौ 15 रूपये की आर्थिक सहायता सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार विभिन्न जन–कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। वे आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को लोगों की सभी शिकायतों का निवारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला की शिकायत निवारण समिति के गैर–सरकारी सदस्यों से प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की गई और राजस्व मंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर राहत पैकेज के नाम पर झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि झूठ बोलना कांग्रेस की आदत बन गई है और अब लोगों का भरोसा प्रदेश सरकार से उठ गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब तक आपदा राहत पैकेज का लाभ पात्र प्रभावितों को नहीं मिल जाता तब तक सरकार की किसी भी बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस पार्टी के नेता एक तरफ केंद्र से आपदा राहत पैकेज में सहायता न मिलने की बात कह रहे हैं वहीं दूसरी तरफ मनरेगा के कामों को भी राहत पैकेज में जोड़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र की तरफ से आपदा प्रभावितों को दिए गए 6 हजार मकान और 7 सौ 56 करोड़ रूपए का सहयोग भी उसी पैकेज का हिस्सा हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने आज प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के खेल मैदान में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय प्रथम महिला फूटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में खेल कोटा तीन से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अधोसंरचना विकास को महत्व दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण युवाओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राज्य में जल्द ही कोचों के रिक्त पदों को भरा जाएगा और जिला स्तर पर खेल अधोसंरचना को मंजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण ओलंपियाड का आयोजन भी किया जाएगा ताकि ग्रामीण परिवेश से आने वाले खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का मौका मिल सके। विक्रमादित्य सिंह ने इस महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 16 टीमों को शुभकामनाएं दी।

प्रतिभा सिंह

सांसद प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों को जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंडी में आज जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक में उन्होंने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की। प्रतिभा सिंह ने विभागों से कई केंद्रीय योजनाओं में केंद्र सरकार से बजट न मिलने के मामले तुरंत उनके ध्यान में लाने को कहा। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 में सड़कों के स्तरोन्नयन कार्यों पर 2 सौ 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की मदद से कटौला–कमांद–बजौरा सड़क के सुधार कार्य पर 12 करोड़ 62 लाख और पंडोह–चैलचौक सड़क की मजबूती पर 12 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होनें कहा कि तत्तापानी–सलापड़ सड़क को केंद्रीय रोड़ फंड के तहत बनाया जाएगा और

करीब 66 किलोमीटर लम्बी इस सड़के के निर्माण पर दो सौ 19 करोड़ रूपए खर्च होंगे।

## स्पोर्ट्स रैली

लाहौल–स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिमालय मोटर स्पोर्ट्स रैली का आयोजन किया जा रहा है। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होनें कहा कि उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कल 5 अक्तूबर को सिसु से इस रैली का शुभारंभ करेंगे। रवि ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस रैली में 2 सौ से अधिक कार, जीप व मोटरबाइक भाग लेंगे जो लगभग 3 सौ से 4 सौ किलोमीटर तक की दूरी तय करेंगे। उन्होंने बताया कि यह रैली स्पीति के सबसे ऊंचे गांव लांगचा भी जाएगी। रवि ठाकुर ने कहा कि इस रैली से घाटी में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लाहौल–स्पीति में इस तरह की बड़ी रैली पहली बार आयोजित की जा रही है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी दो सौ से बढ़ा कर तीन सौ रूपए प्रति सिलेंडर करने को दी मंजूरी।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विद्यार्थियों से अपनी आकांक्षाओं व लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का किया आह्वान।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर राहत पैकेज को लेकर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का लगाया आरोप।

और

- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय प्रथम महिला फुटबॉप प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।

———————————————